'रजिस्ट्री सिर्फ दो दिन' मैसेज से खलबली, अधिकारी बोले-ऐसा कोई आदेश नहीं जारी

भूना, 22 सितम्बर (जितेन्द्र तूर): जमीन और प्लाटों की रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था लागू होने के बीच भूना उप तहसील कार्यालय से सामने आए एक मैसेज ने नई बहस छेड़ दी है। कार्यालय के आधिकारिक ग्रुप में अगले सप्ताह से बुधवार और शुक्रवार को रजिस्ट्रेशन कार्य किए जाने की सूचना प्रसारित होने के बाद ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार ने सप्ताह में केवल दो दिन रजिस्ट्री किए जाने के किसी आदेश से साफ इनकार किया है।


भूना : उप-तहसील कार्यालय भवन का दृश्य।

दरअसल, उप तहसील कार्यालय के आधिकारिक ग्रुप में बुधवार और शुक्रवार को रजिस्ट्रेशन किए जाने संबंधी मैसेज सामने आया। देखते ही देखते यह सूचना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले लोगों के सामने सवाल खड़ा हो गया कि यदि सप्ताह में केवल दो दिन ही रजिस्ट्री होगी तो निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत समय पर दस्तावेजों का पंजीकरण कैसे होगा। मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उप तहसील बार एसोसिएशन की ओर से पहले उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के समक्ष सप्ताह में दो दिन रजिस्ट्री दिवस निर्धारित करने का प्रस्ताव रखा गया था। बताया गया है कि ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था और सरकार की नीति का हवाला देते हुए इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया था।

अब आधिकारिक ग्रुप में दो दिन रजिस्ट्रेशन किए जाने की सूचना सामने आने से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर यह संदेश किस स्तर से जारी हुआ। वहीं, नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन की ओर से प्रस्ताव जरूर आया था, लेकिन कार्यालय की ओर से सप्ताह में दो दिन रजिस्ट्री करने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों और आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना कार्यालय का प्रयास है। जमीनों का पंजीकरण सरकार द्वारा निर्धारित ऑनलाइन प्रणाली के अनुसार ही किया जाएगा।

ज़मीन सौदे में धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी काबू

ज़मीन बेचने का इकरारनामा कर लाखों रुपये लेने के आरोप में दर्ज मामले में बलदेव सिंह गिरफ्तार

टोहाना, 22 सितम्बर (गुरपाल सिंह नैन): इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने जमीन सौदे में धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बलदेव सिंह पुत्र मुखत्यार सिंह निवासी धारसूल खुर्द, जिला फतेहाबाद को काबू किया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक जसवंत ने बताया कि गांव जुगलान, जिला हिसार निवासी एक महिला ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय फतेहाबाद में शिकायत दी थी। शिकायत की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर थाना सदर टोहाना में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसकी रिश्तेदारी गांव धारसूल खुर्द में है। इसी दौरान जमीन खरीदने को लेकर बातचीत हुई और गांव धारसूल खुर्द स्थित भूमि का सौदा करीब 77 लाख रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने सौदे के तहत अलग-अलग माध्यमों से करीब 45 लाख रुपये बतौर बयाना दिए थे तथा शेष राशि रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रजिस्ट्री करवाने के लिए संबंधित भूमि की जमाबंदी व अन्य दस्तावेजों की जांच करवाने पर उसे पता चला कि जिस जमीन का उसके साथ सौदा किया गया था, उसकी रजिस्ट्री बाद में किसी अन्य व्यक्ति के नाम करवा दी गई। निरीक्षक जसवंत ने बताया कि शिकायत की जांच के दौरान उपलब्ध दस्तावेजों एवं तथ्यों का अवलोकन किया गया। प्रथम दृष्टया सामने आए तथ्यों के आधार पर बलदेव सिंह तथा सतीश कुमार निवासी धारसूल खुर्द के खिलाफ थाना सदर टोहाना में अभियोग संख्या 103 दिनांक 15 जून 2026, धारा 316(2), 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने आरोपी बलदेव सिंह को काबू कर लिया है।

आंगनवाड़ी केन्द्र में चोरी के मामले में एक अन्य सह-आरोपी काबू

आंगनवाड़ी केन्द्र का ताला तोड़कर राशन व अन्य सामान चोरी करने के मामले में अब तक तीन आरोपी काबू

टोहाना, 22 सितम्बर (गुरपाल सिंह नैन): थाना शहर टोहाना पुलिस ने नाथ बस्ती स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक अन्य सह-आरोपी शुभम उर्फ सुभी पुत्र बृजेश पेंटर निवासी वार्ड नंबर-1, राज नगर, टोहाना को काबू किया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस मामले में पुलिस द्वारा पहले ही दो आरोपियों दीपक उर्फ चामो व सावन उर्फ चिकु को काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि सरोज कुमारी निवासी कल्याण नगर, टोहाना, जो नाथ बस्ती वार्ड नंबर-1 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बतौर वर्कर तैनात हैं, ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 14 अगस्त को केंद्र में मासिक टीकाकरण कैंप लगाया गया था। कैंप समाप्त होने के बाद दोपहर करीब 3-30 बजे वह अपनी सहायिका सुमित्रा देवी के साथ केंद्र को बंद कर घर चली गई थीं। शिकायतकर्ता के अनुसार, 17 अगस्त की सुबह करीब 8.45 बजे जब उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र खोला तो सामान वाले कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर केंद्र से दो गैस सिलेंडर, चावल के दो थैले, बेसन, सोयाबीन बड़ी के थैले, स्टील के बर्तन, कुकर, प्लेट, गिलास, बाल्टियां सहित राशन व अन्य सामान चोरी मिला। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में मुकदमा नंबर 241 दिनांक 17.08.2026, धारा 305 व 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पहले दीपक उर्फ चामो व सावन उर्फ चिकु को काबू किया था। अब शुभम उर्फ सुभी को भी काबू किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की गहनता से जांच जारी है।


आरोपी पुलिस की हिरासत में। (छाया : गुरपाल सिंह नैन)

कुलदीप बिश्नोई के जन्मदिन पर पूर्व चेयरमैन ने किए सेवा व पर्यावरण संरक्षण के कार्य

सिरसा, 22 सितम्बर (रघुवीर शर्मा): भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व चेयरमैन नरेश जांगड़ा द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा गौसेवा का संदेश देते हुए कई सेवा कार्य किए। जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व चेयरमैन नरेश जांगड़ा ने कैमरी स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया तथा उन्हें भोजन करवाया। उन्होंने बुजुर्गों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके पश्चात सदलपुर स्थित स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। नरेश जांगड़ा ने कहा कि पेड़-पौधे केवल प्रकृति की सुंदरता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की नींव भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इसी कड़ी में गौशाला में गौसेवा करते हुए गौ माता के लिए स्वामिनी भेंट की गई। उन्होंने गौशाला में मौजूद गौवंश की सेवा की और उनके लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदना समाज को मजबूत बनाने के महत्वपूर्ण आधार हैं। पूर्व चेयरमैन नरेश जांगड़ा ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई के जन्मदिवस को सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों के साथ मनाना इस अवसर को सार्थक बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने कुलदीप बिश्नोई को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीघार्यु एवं सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी सेवा कार्यों में भाग लिया और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


पूर्व चेयरमैन नरेश जांगड़ा कैमरी स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताते हुए।

प्राचीन मंदिर श्री बाबा रामदेव, कागदाना धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सिरसा, 22 सितम्बर (रघुवीर शर्मा): प्राचीन मंदिर श्री बाबा रामदेव, कागदाना धाम में भादवा सुदी दूज 13-9-26 से भादवा सुदी दशमी 21-9-26 तक धार्मिक आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के संस्थापक लाला रत्तीराम मुरलीधर भोलूसरिया ने बताया कि दूज के दिन मेले का शुभारंभ बाबा को पंचामृत से स्नान कराकर श्रृंगार आरती के साथ मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पारीक द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। दशमी के दिन सुबह भव्य श्रृंगार आरती के पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया, जो देर रात चलता रहा। इस मौके पर बाबा को छप्पन भोग लगाया गया।

उन्होंने बताया कि दशमी के दिन की महाआरती और प्रसाद वितरण के पश्चात नौ दिवसीय मेला सम्पन्न हुआ। इस नौ दिवसीय मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और अपनी मनोकामना पूरी होने पर बाबा को चांदी के छत्र और सवामणियां चढ़ाई। पूरे दिन बाबा के जयकारे गूंजते रहे और कामड़ियों के द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। छोटू सैनी और पप्पू कोचर ने अपनी पूरी टीम के साथ स्वादिष्ट प्रसाद बनाने में विशेष सहयोग दिया। श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाए रखने में कागदाना क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक लाला रत्तीराम मुरलीधर भोलूसरिया परिवार ने सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर लाला रत्तीराम मूरलीधर भोलूसरिया परिवार के सभी सदस्य व गांव कागदाना के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


बाबा रामदेव महाराज के दर्शन करते श्रद्धालु।

बैठक में कार्यकारी अभियंता के साथ कर्मचारियों की सभी मांगों पर बनी सहमति

सिरसा, 22 सितम्बर (रघुवीर शर्मा): कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मण्डल नं. 2, सिरसा के कार्यकारी अभियंता राजेश शर्मा के निमंत्रण पर हरियाणा पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ के जिला प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण गुर्जर की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बैठक के दौरान कर्मचारियों की लगभग सभी मांगों पर कार्यकारी अभियंता ने सहमति प्रकट की और इस संबंधी पत्र भी तुरंत प्रभाव से जारी कर दिया गया। बैठक संबंधी जानकारी देते हुए कृष्ण गुर्जर ने बताया कि कार्यकारी अभियंता राजेश कुमार, उपमंडलनंबर-3 के अभियंता दीपक रेवड़ी, उपमंडल अभियंता-4 संदीप मेहता व मंडल उपअधीक्षक सीमा ने प्रतिनिधिमंडल से बड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत की और कर्मचारियों की लगभग सभी मांगों पर सहमति जताई। जिला सहसचिव शिवचरण कंडारा ने कहा कि अगर पत्र जारी करने के बाद भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो कर्मचारी फिर से आंदोलन का रूख करने पर मजबूर होंगे। प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष रामसिंह गिल, उपप्रधान जमनाप्रसाद, उपप्रधान हरीकिशन कुतीनिया, वरिष्ठ उपप्रधान संजय दत्त, ब्रांच सचिव बलवान नेहरा, ब्रांच सचिव ऐलनाबाद प्रताप सिंह, ब्रांच सचिव चोपटा राजकरण, ब्रांच उपाध्यक्ष चोपटा ओमप्रकाश बैनीवाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे सभी कर्मचारियों की जॉब सुरक्षा हेतू आ रही त्रुटियों को दूर करवाने, सभी फिल्ड नियमित कर्मियों एवं कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को बरसाती, डांगरी, व इन्शुलेशन शूज जो देय है, तुरन्त प्रभाव से दिए जाने, सभी नियमित कर्मचारियों जो वर्ष 2020-2023 की देय एल.टी.सी. का भुगतान करवाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सरकार द्वारा व्हीट लोन वर्ष 2026 को दिया गया था उसकी माह के हिसाब से किस्त काटी जाने, वर्षों से कार्यरत कुछ आउटसोर्सिंग कर्मियों का नाम हरियाणा रोजगार कौशल निगम में इन्द्राज नहीं हुआ, उन कर्मियों का नाम कौशल में इन्द्राज करवाने, दर्शन सिंह, स्टोर मुन्शी जो मण्डल नं. 2 सिरसा में कार्यरत था, उसे बिना वजह मण्डल नं. 1 सिरसा से तबादला कर मण्डल नं. 2 सिरसा अधीक्षक अभियन्ता द्वारा भेज दिया गया था, वह तुरन्त प्रभाव से मण्डल नं. 2 सिरसा कार्यालय द्वारा लिखकर ऑडर केन्सिल करवाने, सभी रेगुलर कर्मचारी जिनकी पांच वर्ष की रेगुलर सेवा हो चुकी, उन्हें कन्फर्म करने सहित उपरोक्त सभी मांगों पर सहमति बनी।


सिरसा : बैठक का दृश्य।

भगवान भी सुरक्षित नहीं, मंदिर में दिन-दहाड़े पड़ा डाका, शिव परिवार से नागदेवता ले उड़ा शातिर चोर

नरवाना, 22 सितम्बर (विकास जेठी): नरवाना में चोरों के हौसले इस कदर सातवें आसमान पर हैं कि अब उन्हें न तो कानून का खौफ है और न ही भगवान के प्रकोप का डर। बेखौफ बदमाशों ने इस बार सीधा ईश्वर के घर को ही अपना निशाना बना डाला। ताज़ा सनसनीखेज वारदात नरवाना के दिल कहे जाने वाले पंजाबी चौक स्थित प्रसिद्ध श्री गीता मंदिर की है, जहां दिनदहाड़े हुई चोरी से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। चोर मास्टरमाइंड की तरह आया और नागदेवता ले उड़ा। मंदिर परिसर में स्थापित शिव परिवार की मूर्ति पर विराजमान तांबे के पवित्र नाग पर चोर ने बड़ी सफाई से हाथ साफ कर दिया। चोर इतने शातिराना अंदाज में आया कि आसपास मौजूद लोगों को भनक तक नहीं लगी। पलक झपकते ही आरोपी भगवान के सामने से तांबे का नाग गायब कर नौ दो ग्यारह हो गया। शातिर चोर भले ही मौके से फरार हो गया हो, लेकिन उसकी यह घिनौनी हरकत मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह आरोपी ने पहले ड्रामा करते हुए शिवलिंग के आगे माथा टेका, फिर दाएं बाएं देखा और फिर पलक झपकते ही चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। दिनदहाड़े मंदिर के अंदर हुई इस दुस्साहसिक चोरी से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात लगा है। स्थानीय निवासी पूर्व पार्षद अशोक कक्कड़, अशोक नागपाल, उमेश रहेजा, तिलक सचदेवा, यशपाल सचदेवा, शंटी लीखा, नरेंद्र कुकरेजा, प्रिंस रावल सहित अन्य भक्तों में भारी गुस्सा देखा जा रहा है। लोगों का साफ कहना है, अगर मंदिर जैसी पवित्र जगह पर दिनदहाड़े चोरी हो सकती है, तो आम नागरिक कहां सुरक्षित हैं? चोरों को न तो पुलिस का डर है और न ही भगवान का! घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्ज़े में लेकर आरोपी की पहचान शुरू कर दी है।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना

माइनर की टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी, फसलें सूखने के कगार पर, जुलहेड़ा के किसान पहुंचे समाधान शिविर

ग्रामीणों ने सीएम विंडो सहित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार दी शिकायत, समाधान नहीं होने पर जताई नाराज़गी

नरवाना, 22 सितम्बर (विकास जेठी): नरवाना के गांव जुलहेड़ा के किसानों ने गांव की माइनर की टेल तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंचने की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत भेजकर जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि माइनर की टेल पर पिछले लंबे समय से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है, जिसके कारण खेतों में खड़ी फसलों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा और गांव के अंदर तालाब भी सूख चुके हैं जिसमें पशुओं के पीने के लिए पानी भी नहीं रहा। इसी बीच इस समस्या को लेकर नरवाना के समाधान शिविर में पहुंचे और किसानों ने अपनी समस्या सुनाई समाधान शिविर में नायब तहसीलदार रणधीर सिंह ने उनकी समस्या को सुना और संबंधित विभागों के कर्मचारियों से बात की और समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया। गांव के पूर्व सरपंच धर्मवीर व वीरेंद्र नैन ने कहा कि इस समस्या को लेकर किसानों द्वारा सिंचाई विभाग के एसई, एसडीओ और एक्सईएन को कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने सीएम विंडो पर भी शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में दर्ज सीएम विंडो नंबरों का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारियों की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने शिकायत में कहा कि सिंचाई के पानी के अभाव में खेतों में फसलें सूखने की स्थिति में हैं। लगातार पानी की कमी से किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि माइनर की टेल तक पानी नहीं पहुंचने से गांव के किसानों को अपने खेतों की सिंचाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप करते हुए सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि माइनर की टेल तक पर्याप्त पानी पहुंचाया जाए, ताकि किसानों की फसलों को समय पर सिंचाई मिल सके और उन्हें आर्थिक नुकसान से राहत मिले। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि सरकार और सिंचाई विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द मौके पर कार्रवाई करवाएगा तथा माइनर की टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर गुरमीत, वीरेंद्र सिंह, दलबीर, धर्मवीर सिंह, सूरजभान नंबरदार, रामफल, कृष्णा, होशियार सिंह, अंग्रेज, दलवीर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


शिकायत लेकर समाधान शिविर में पहुंचे जुलहेड़ा के किसान।

राजकीय कॉलेज भूना में सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां करवाईं


राजकीय महाविद्यालय भूना में प्रो. आरती महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता विषय पर छात्राओं को जागरूक करते हुए।

भूना, 22 सितम्बर (जितेन्द्र तूर): 'सेवा संकल्प कार्यक्रम 2026' के तहत मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय, भूना में विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति जागरूकता तथा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र ज्यानी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रो. गुरपिंदर सिंह के संयोजन में 'फिट इंडिया स्पोर्ट्स सेशन' आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ उनमें अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने वार्म-अप, स्ट्रेचिंग, दौड़, विभिन्न फिटनेस गतिविधियों और मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें नियमित व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

डॉ. केशव कुमार एवं प्रो. मानवी के संयोजन में 'नशा मुक्त भारत' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। नशा मुक्ति टीम, फतेहाबाद से सब-इंस्पेक्टर सुंदर लाल, देवराज एवं सुमन ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। वहीं, छात्राओं के लिए प्रो. आरती ने 'महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जानकारी दी गई।

सेवा भारती ने गांव पोहड़का में किया अहिल्याबाई बाल संस्कार केन्द्र का शुभारम्भ

सिरसा, 22 सितम्बर (रघुवीर शर्मा): गांव पोहड़का में राधा कृष्ण मंदिर के पास सेवा भारती हरियाणा प्रदेश जिला सिरसा द्वारा संचालित, महान वीरांगना अहिल्याबाई बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अविनाश चंद्र प्रांत उपाध्यक्ष सेवा भारती हरियाणा प्रदेश ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर किशनपुरा के खंड कार्यवाह पूरन एवं मुरारी लाल पोहड़का गांव के एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ऐलनाबाद नगर प्रचारक आदित्य शास्त्री, ग्रामीण आनंद, सिरसा से नगर सचिव विक्रम सेवा भारती भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अविनाश ने सेवा भारती द्वारा चल रहे सेवा कार्य सिरसा में और पूरे हरियाणा के बारे में बताया। पूरण ने बच्चों को समय पर आने पर और कुछ नैतिक संस्कार के बारे में बताया। नगर प्रचारक आदित्य ने अपना अनुभव भी बच्चों के साथ सांझा किया। इस अवसर पर अध्यापिका अमीना का भी परिचय करवाया गया। श्रवण ने आए हुए सभी मेहमानों का का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र और प्रसाद वितरण के साथ किया गया।


कार्यक्रम का एक दृश्य।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता बनाए रखने का लिया संकल्प

सिरसा, 22 सितम्बर (भुपिंद्र पन्नीवालिया/रघुवीर शर्मा): 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत मंगलवार को सिरसा जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता की आदत डालना और उन्हें पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के तहत स्कूलों में निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता और स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के संदेश से जोड़ा गया। अभियान के तहत शहरों के स्कूलों में 'स्वच्छता जागरूकता निबंध लेखन प्रतियोगिता' कराई गई, जिसमें छात्राओं ने अपने विचारों के माध्यम से साफ-सफाई के महत्व को रेखांकित किया। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। यहां शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर अपने परिसर, घरों और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। साथ ही छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

छात्राओं ने पेंटिंग के जरिए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत तथा प्लास्टिक मुक्ति का संदेश देकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। छात्राओं ने डस्टबिन का सही प्रयोग और जल स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है। जब बच्चे स्वच्छता के मूल्यों को आत्मसात करते हैं, तो वे पूरे परिवार और समाज को प्रेरित करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों और आमजन से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा सिरसा को साफ-सुथरा व सुंदर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया।

नगर निगम ने पकड़े 19 बेसहारा पशु, भेजे गोअभयारण्य

हिसार, 22 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी है। निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देशानुसार यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने दो दिन में 19 पशुओं को पकड़ा। सोमवार को 9 व मंगलवार को 10 पशुओं को गोअभयारण्य भेजा। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कैंची चौक, मिर्जापूर रोड, गीता कॉलोनी, पड़ाव चौक, और ऑटो मार्केट के आस-पास क्षेत्र से बेसहारा पशुओं को पकड़ा।

फोइनिक्स एआरसी लिमिटेड

Phoenix ARC

पंजीकृत कार्यालय : तीसरी मंज़िल, वैलस टावर्ज़ (पहले शिव बिल्डिंग के तौर पर जाने जाते), 139/140/बी/1, क्रॉसिंग ऑफ सहर रोड एवं वैस्टर्न एक्सप्रैस हाईवे, विले पारले ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र-400057, टैली : 022-6849 2450, फैक्स : 022-6741 2313 सीआईएन : U67190MH2007PLC168303 ईमेल : info@phoenixarc.co.in वैबसाइट : www.phoenixarc.co.in

एसैटस की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल्ज़ 2002 (रूल्ज़) के रूल्ज़ 8 एवं 9 से पढ़े जाते सिक्योरटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनैंशियल एसैट्स एवं इनफोर्समैंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रैस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी एक्ट) अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए सिक्योर्ड डैबेट्स की वसूली हेतु उक्त सरफेसी एक्ट एवं रूल्ज़ अधीन अधिकृत अधिकारी के पास सौंपी निम्न दर्शाए कर्ज़दार/गारंटरों/गिरवीकारों के सिक्योर्ड एसैट की कब्ज़े की पालना में अधिकृत अधिकारी ने नीलामी बिक्री द्वारा सिक्योर्ड एसैट्स की बिक्री करने का निर्णय लिया है। इस द्वारा आम जनता एवं विशेष कर कर्ज़दार/गारंटरों/गिरवीकारों को नोटिस दिया जाता है कि फोइनिक्स एआरसी लिमिटेड (पहले फोइनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती) के पास गिरवी निम्न दर्शाई सम्पत्तियां, फोइनिक्स ट्रस्ट एफवाई-26-13 (फोइनिक्स) के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यशील वरथना फायनांस प्राइवेट लिमिटेड (पहले थिरुमेनी फायनांस प्राइवेट लिमिटेड से जानी जाती द्वारा डैबेट की असाइनमैंट की पालना में) निम्न दर्शाए (असाइनर बैंक) द्वारा (विशेष रूप से निम्न दर्शाए संबंधित असाइनमैंट एग्रीमैंट्स द्वारा फोइनिक्स के पक्ष में, निम्न दर्शाए विवरणों अनुसार वैबसाइट https://www.bankeauctions.com द्वारा सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट रूल्ज़ 2002) के रूल्ज़ 8 एवं 9 के साथ पढ़े जाते सरफेसी एक्ट की व्यवस्थाओं अनुसार निम्न दर्शाए अनुसार बकायों एवं अन्य ब्याज, चार्जिस एवं लागतों इत्यादि की वसूली हेतु 'ऑनलाइन ई-नीलामी' द्वारा **'जैसे है जहां है' 'जैसे है जहां जो भी है' एवं 'बिना रीकोर्स आधार'** शर्त पर बिक्री की जाएगी।

कर्ज़दार का नाम	**1. मैसर्ज़ गौतम कॉन्वेंट मिडल स्कूल 2. मैसर्ज़ गैलेक्सी एजुकेशनल सोसायटी**
को-आबलीगैंट/गारंटरों/गिरवीकारों/पार्टनर्ज़ का नाम	**1. लज्जावती बी 2. दिनेश कुमार 3. राजेश कुमार**
बकाया राशि	**रु. 52,02,466/-** (रुपये बावन लाख दो हज़ार चार सौ छियासठ केवल) दिनांक 10.09.2021 को जमा डिमांड नोटिस दिनांक 24.09.2021 में दर्शाए अनुसार अन्य ब्याज एवं अन्य लागत एवं चार्जिज़ एवं खर्चों सहित
असाइनमैंट के विवरण	वरथना फायनांस प्राइवेट लिमिटेड - असाइनमैंट की तिथि - 29.12.2025
दिनांक 16.09.2026 को बकाया राशि	**रु. 38,67,278.65/-** (रुपये अड़तीस लाख, सड़सठ हज़ार, दो सौ अठहत्तर एवं पैंसठ पैसे केवल)
अचल सम्पत्तियों का विवरण : गांव बामनीखेड़ी, ज़िला पलवल, हरियाणा-121102-121102 एक्सटैंट (वर्ग फुट में) वाली खेवट/खाता नं. 769/829, मुसतातिल नं. 88, किल्ला नं. 18(8-0) 19(8-02) 20(8-0) वाली प्रॉपर्टी के सभी अभिन्न भाग। **हदबंदियां है :** उत्तर : 18 फुट चौड़ी रोड, दक्षिण : अमर सिंह का प्लाट, पूर्व : 12 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम : खुला प्लाट	
कब्ज़ा विवरण	सांकेतिक कब्ज़े में
सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय	निवेदन पर
आरक्षित कीमत	**रु. 21,96,000/-** (रुपये इक्कीस लाख छियानवे हज़ार केवल)
धरोहर राशि जमा	**रु. 2,19,600/-** (रुपये दो लाख उन्नीस हज़ार छः सौ केवल)
ईएमडी जमा विवरण : बैंक खाता- "फोईनिक्स ट्रस्ट-एफवाई26-13" खाता नम्बर 9049919809, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, शाखा कालिना, मुम्बई, आईएफएससी कोड : KKBK0000631	
इंक्रीमैंटल वैल्यू	**रु. 50,000/-** (रुपये पचास हज़ार केवल) एवं ऐसे गुणांक में
ईएमडी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**29.10.2026 (वीरवार) सायं 5:00 बजे तक अथवा इससे पूर्व**
ई-निलामी की तिथि एवं समय	**30.10.2026 (शुक्रवार) प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे**
सम्पत्ति के निविदा दस्तावेज़ों का लिंक : https://phoenixarc.go.in?p=7616	

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें

1. नीलामी बिक्री ई-नीलामी द्वारा एवं सहायता के साथ सरफैसी एक्ट की व्यवस्था अधीन अधिकृत अधिकारी द्वारा आयोजित की जाएगी। नीलामी/बोली केवल वैबसाइट **https://www.bankeauctions.com** द्वारा 'ऑनलाइन इलैक्ट्रोनिक मोड' द्वारा की जाएगी। मैस सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी हेतु प्लेटफार्म का प्रबंध करने हेतु सर्विस प्रोवाइडर है। 2. नीलामी बोली दस्तावेज़ के नियम एवं शर्तें एवं इस द्वारा बनाई गई प्रक्रिया अनुसार आयोजित की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें हेतु बोलीकार फोइनिक्स की वैबसाइट www.phoenixarc.co.in एवं बोली दस्तावेज़ हेतु सर्विस प्रोवाइडर की वैबसाइट www.bankeauctions.com एवं उपरोक्त दर्शाए लिंक को नीलामी हेतु रखे गए सिक्योर्ड एसैट्स का विवरण/प्राप्त किए बोली फार्म पढ़ लें। 3. बोलीकार अपनी पसंद के स्थान/अपने स्वयं के कार्यालय से बोली लगा कर ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टीविटी का प्रत्येक बोलीकार द्वारा प्रबंध किया जाएगा। अधिकृत अधिकारी/फोइनिक्स/सर्विस प्रोवाइडर इंटरनैट कनैक्टीविटी, नैटवर्क प्राब्लम्ज़, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेलियर इत्यादि हेतु ज़िम्मेदार नहीं होंगे। 4. विवरण, सहायता, प्रक्रिया एवं ई-नीलामी पर ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु प्रस्तावित बोलीकार मि. भाविक पांडिया मैस. सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सम्पर्क नंबर : +91-124-4302020/2021/2022/2023/2024, +91-8866682937, ईमेल आईडी : support@bankeauctions.com, maharashtra@c1india.com पर सम्पर्क कर सकते हैं। 5. बोलीकार बोली फार्म प्राप्ति/नीलामी हेतु रखे सिक्योर्ड एसैट के विवरण की जांच हेतु फोइनिक्स की वैबसाइट www.phoenixarc.co.in को भी पढ़ लें। 6. ई-नीलामी उपरोक्त दर्शाए दिनांक एवं समय पर आयोजित की जाएगी। जहां उपरोक्त दर्शाए सिक्योर्ड एसैट को 'जहां है जैसे है' आधार एवं 'जहां पर जो कुछ भी है' एवं 'आऊट रिकोर्स' शर्तों पर बिक्री किया जाएगा। 7. सभी इच्छुक खरीददारों/बोलीकारों को **https://www.bankeauctions.com** पर दर्शाए पोर्टल में अपना नाम रजिस्टर्ड करने का अनुरोध है एवं उपरोक्त दर्शाए अनुसार दिनांक एवं समय पर ई-नीलामी में भाग लेने हेतु मुफ्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। 8. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददारों/बोलीकारों को उपरोक्त दर्शाए अनुसार ईएमडी के पेश करने हेतु अंतिम तिथि को अथवा पहले टैंडर दस्तावेज़ों में दर्शाए अन्य विवरण अनुसार पते का सबूत एवं कम्पनी के मामले में पैनकार्ड, बोर्ड रीसोल्यूशन की कापियों के साथ सिक्योर्ड एसैट की आरक्षित कीमत का 10 प्रतिशत की लोटाने योग्य धरोहर राशि जमा की अदायगी के विवरण पेश करने होंगे। 9. इच्छुक खरीददार/बोलीकार को हल्फन बयान पेश करना होगा कि उस पुरुष/महिला इनसोलवेंसी एवं बैंकरूपटसी कोड 2016 की धारा 29(ए) की व्यवस्था के अनुसार अयोग्य नहीं है एवं केवाईसी दस्तावेज़ों के साथ हल्फनबयान न पेश करने पर आटोमैटिकली डिसक्वालीफाई हो जाएंगे या उस पुरुष/महिला को रद्द कर दिया जाएगा। 10. सफल खरीददार/बोलीकार को उपरोक्त दर्शाई नीलामी की तिथि को या अगले कामकाजी दिन को बैंकिंग समय के बंद होने पर या पहले उपरोक्त दर्शाए खाते की आरटीजीएस/एनईएफटी के ढंग द्वारा प्रयोग आइटम हेतु अपनी/इसकी पेशकश के 25 प्रतिशत (ईएमडी शामिल) जमा करवानी होगी, जिस जमा की पुष्टि फोईनिक्स द्वारा की जाएगी, ऐसा न होने पर बिक्री को फेल्ड माना जाएगा एवं सफल खरीददार/बोलीकार की ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा। 11. सभी अन्य बोलीकारों की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं होते को ई-नीलामी खत्म होने के 5 कामकाजी दिनों में फोइनिक्स द्वारा वापिस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 12. विचारे गए खरीददार की बकाया राशि, उक्त सिक्योर्ड एसैट की बिक्री की पुष्टि के पन्द्रह (15) दिनों को या पहले या ऐसी बढ़ाई गई अवधि जो लिखित में सहमती दी जा सकती है, को सफल खरीददार/बोलीकार द्वारा अदायगीयोग्य होगी। असफल होने पर अब तक जमा की गई सभी राशि जब्त करने योग्य होगी। 13. जायदाद की जांच/या अधिक जानकारी हेतु संभावी बोलीकार मि. विपिन कुमार मीना/मि. महेश मालुंजकर से निम्नलिखित ईमेल पता : vipin.meena@phoenixarc.co.in/ mahesh.m@phoenixarc.co.in/ [illegible] +91-9819803569/+91-09920381684 (मोबाइल) पर सम्पर्क कर सकते हैं। 14. [illegible]

स्थान : पलवल
दिनांक : 23.09.2026

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
फोइनिक्स एआरसी लिमिटेड (पहले फोइनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता)
(फोइनिक्स ट्रस्ट एफवाई 26-13 के ट्रस्टी)